Need to set up a Super Specialty Department in Shaikh-Ul-Hind Maulana Mahmood Hasan Medical College in Saharanpur, Uttar Pradesh-laid

श्री इमरान मसूद (सहारनपुर) : सहारनपुर जनपद में नेफ्रोलॉजी और ऑकोलॉजी से संबंधित मरीजों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है । वर्तमान में इन मरीजों के लिए सबसे निकटतम सुविधा केवल चंडीगढ़ या दिल्ली में उलब्ध है, जो मरीजों और उनके परिवारों के लिए आर्थिक और शारीरिक दोनों रूप से अत्यंत कठिनाई उत्पन्न करता है ।

जनपद सहारनपुर में स्थित शेख-उल-हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कॉलेज में आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर एवं अन्य सुविधाएं पहले से ही उपलब्ध हैं । किसी भी योजना के अंतर्गत इस मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी सुविधाओं की स्थापना के माध्यम से नेफ्रोलॉजी, ऑकोलॉजी, ऑर्थोपेडिक, कार्डियक, सर्जरी आदि सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा सकती है ।

इस महत्वपूर्ण आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सहारनपुर के शेख-उल-हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी विभाग की स्थापना आवश्यक है । इससे सहारनपुर और इसके आसपास के मरीजों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकेंगी, और उन्हें दूरस्थ स्थानों की यात्रा करने से राहत मिलेगी ।